

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### बालावाला में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**(संवाददाता)** देहरादून। सिविल जज सीडि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून नेहा कुशवाहा ने अवगत कराया है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गुरू रामराय पब्लिक स्कूल बालावाला देहरादून में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को नशा मुक्त देवभूमि का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम विद्यार्थियों द्वारा नाटक मंचन कर नशामुक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम में मानसिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के लिए विधिक सेवा योजना एवं पोक्सो एक्ट एवं एक्ट के तहत विभिन्न धाराओं की जानकारी दी गयी।

### डीएम ने 19 नवंबर को बुलाई बैठक

देहरादून। जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में 19 नवम्बर को जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय में 'माता–पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों को भरण–पोषण तथा कल्याण अधिनियम के सम्बन्ध में सर्वोच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका 193/2016 अश्वनी कुमार बनाम भारत संघ व अन्य के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी है।

### 20 नवम्बर से पूर्व पोर्टल पर पंजीकरण करने के लिए सूचित करें

**(संवाददाता)** देहरादून। विद्यालयों के द्वारा वर्ष 2019–20 हेतु छात्रवृत्ति पोर्टल में पूर्वदशम तथा दशमोत्तर कक्षाओं के पात्र छात्र–छात्राओं के आवेदन किये जाना आवश्यक है। नोडल अधिकारी आई.टी. सैल समाज कल्याण देहरादून द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद के 275 संस्थान, विद्यालयों के द्वारा अभी तक पंजीकरण नहीं कराया गया है, जबकि सम्बन्धित विद्यालयों में अध्यनरत छात्र–छात्राओं के द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है।

# सांसद आदर्श ग्रामों के आउटकम आधारित मूल्यांकन के दिए निर्देश

**समीक्षा**

**संवाददाता**

सीएम ने उत्तराखण्ड में सांसद आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा की

जिलों के प्रभारी सचिव 45 दिन में एक बार जरूर जाएं आदर्श गांव में



मुख्यमंत्री सांसद आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा करते हुए।

देहरादून। सांसद आदर्श ग्राम योजना में चयनित गांवों का आउटकम आधारित थर्ड पार्टी मूल्यांकन कराया जाए। जिलों के प्रभारी सचिव 45 दिन में एक बार आदर्श गांव में जाना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी भी इन गांवों में जाकर विकास कार्यों का भौतिक निरीक्षण करें। इसके लिए भ्रमण कैलेण्डर बनाएं। सचिवालय में आदर्श सांसद ग्राम योजना की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने उक्त निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदर्श गांवों के लोगों के जीवन में परिवर्तन दिखना चाहिए। स्थानीय लोगों को लगना चाहिए कि वहां काम हुए हैं। आदर्श गांवों का तुलनात्मक अध्ययन किया जाए कि पहले क्या स्थिति थी और अब क्या स्थिति है। वहां की खेती, पशुपालन, शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रति व्यक्ति आय में क्या गुणात्मक सुधार हुए हैं। आदर्श गांव आत्मनिर्भर होने चाहिए, ग्रामीणों। इन गांवों की मासिक रिपोर्ट संबंधित सांसदों को भेजी जाए। चयनित गांवों को पॉलिथीन मुक्त बनाया जाए। कार्यों की समयावधि निश्चित की जाए।

बैठक में बताया गया कि सांसद आदर्श ग्राम योजना में तीन चरणों में कुल 15 चयनित ग्राम पंचायतों में 762 कार्य लिए गए। इनमें से 565 काम पूर्ण किए जा चुके हैं, 53 प्रगति पर हैं। प्रथम चरण में भगत सिंह कोश्यारी द्वारा चयनित गांव सरपुड़ा में कुल 70 कार्यों में से 69, मे.ज (से.नि.) भुवन चंद्र खण्डूड़ी द्वारा चयनित देवली भणीग्राम (जिला रूद्रप्रयाग) में 66 कार्यों में 52, डा.रमेश पोखरियाल निशंक द्वारा चयनित गोरधनपुर में 85 में से 80 कार्य, माला राज्य लक्ष्मी शाह द्वारा चयनित बौन में 59 में से 57 कार्य, अजय टम्टा द्वारा चयनित सूपी में 22 में से 21 कार्य, महेन्द्र सिंह माहरा द्वारा चयनित रौलमेल (जिला चम्पावत) में 59 में से 55 कार्य और राजबब्बर द्वारा चयनित लामबगड़ में 17 में से 15 कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

दूसरे चरण में प्रदीप टम्टा द्वारा चयनित बाछम में 17 में से 17 कार्य, तरूण विजय द्वारा चयनित तेवा में 80 में से 59 कार्य, डा. रमेश पोखरियाल निशंक द्वारा चयनित जमालपुर कलान में 55 में से 41 कार्य, भगत सिंह कोश्यारी द्वारा चयनित लोहाली में 50 में से 08, माला राज्य लक्ष्मी शाह द्वारा चयनित अटकफार्म में 39 में से 07 और अजय टम्टा द्वारा चयनित जुम्मा में 44 में से 41 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। इसी प्रकार तृतीय चरण में श्री अजय टम्टा द्वारा चयनित सल्ली में 54 में से 44 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। जबकि डा. रमेश पोखरियाल निशंक द्वारा चयनित खेड़ी सिकोहपुर में 45 कार्य लिए गए हैं। सांसद आदर्श ग्राम योजना का 11 अक्टूबर 2014 को प्रारम्भ की गई थी।

### स्वास्थ्य व्यवस्था और विकास प्रक्रिया को लेकर मंत्री धन सिंह रावत ने ली बैठक

**(संवाददाता)** देहरादून। प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. धन सिंह रावत ने विधान सभा स्थित सभाकक्ष संख्या–120 में पौड़ी जनपद और श्रीनगर में स्वास्थ्य व्यवस्था और विकास प्रक्रिया को चुस्त–दुरस्त करने के लिए सचिव स्तर की बैठक ली। बैठक में श्रीनगर मेडिकल कॉलेज के सुदृढ़ीकरण के लिए बाघ से बचाव के लिए बाउंड्री वाल बनाने, फायर स्टेशन और टेलीफोन एक्सचेंज को हैण्ड ओवर करने, ऑडिटोरियम बनाना, सिटी स्कैन के लिए शासन में प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया। यह भी कहा गया कि जिन स्थलों पर सरप्लस चिकित्सक हैं वहां से रिक्त स्थलों पर 10 दिनों के भीतर चिकित्सक भेजे जाए। इसके पूर्व आयुर्वेद, होम्योपैथ व्यवस्था को भी धरातल पर लाकर सेवाए प्रदान करने का भी निर्देश दिया। श्रीनगर में शीघ्र 200 बैड का हास्पिटल लोकार्पित किया जायेगा। श्रीनगर मेडिकल कालेज में स्टाफ, फैकल्टी, उपकरण, साज–सज्जा, जनपद पौड़ी गढ़वाल के पी.एच.सी., सी.एच.सी., एलोपैथिक, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, चिकित्सालयों में चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ की कमी आदि समस्याओं के समाधान के संबंध में समीक्षा बैठक लेने का निर्देश डीएम को दिया गया।

### उद्यमिता कौशल एवं शिक्षा के उन्नयन के लिये द्विपक्षीय अनुबन्ध हस्ताक्षरित

**(संवाददाता)** देहरादून। राष्ट्रीय उद्यमिता एवम लघु व्यवसाय विकास संस्थान, सूक्ष्म, लघु एवम् मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार तथा भारतीय वानिकी अनुसंधान एवम् शिक्षा परिषद के मध्य उद्यमिता कौशल एवम् शिक्षा के उन्नयन के लिये द्विपक्षीय अनुबन्ध हस्ताक्षरित किया गया।

इस अवसर पर निसबड के महानिदेशक राजेश अग्रवाल, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवम् शिक्षा परिषद के महानिदेशक डा. एससी गैरोला द्वारा सहमति पत्र हस्ताक्षरित किया गया। इस मौके पर निसबड के महानिदेशक राजेश अग्रवाल ने कहा कि संस्थान उद्यमिता विकास हेतु अनुसंधान शोध एवम् प्रशिक्षण के माध्यम से कार्य कर रहा है।

## डीएम ने खेल महाकुम्भ का वार्षिक कलेण्डर जारी करने का दिया सुझाव

**निर्देश**

■ खेल महाकुंभ के आयोजन के संबंध में अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिए



खेल महाकुंभ को लेकर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में प्रतिभाग करते डीएम व अन्य अधिकारी।

देहरादून। **संवाददाता**

खेल मंत्री अरविन्द पाण्डेय द्वारा खेल महाकुम्भ–2019 के आयोजन के सम्बन्ध में सभी जनपदों के जिलाधिकारियों एवं सहयोगी विभागों के अधिकारियों को वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के दौरान जिलाधिकारी दून सी रविशंकर द्वारा वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय खेल आयोजन समिति को खेल महाकुम्भ का वार्षिक कलेण्डर जारी करने का महत्पूर्ण सुझाव दिया गया, जिससे प्रतिभागी खिलाड़ियों को अभ्यास करने हेतु पर्याप्त अवसर मिल सके और ग्रामीण स्तर पर छुपी प्रतिभाओं को खेल संस्कृति से जुड़ने का अधिक अवसर मिल सकें। इस सुझाव को राज्य स्तरीय खेल आयोजन समिति द्वारा भविष्य के लिए महत्वपूर्ण समझते हुए इस पर अमल करने की बात कही।

वीडियो कान्फ्रेसिंग के पश्चात जिलाधिकारी सी रविशंकर ने जनपद स्तरीय सभी सहयोगी विभागों और जिला युवा कल्याण एवं प्रातीय रक्षक दल अधिकारी को निर्देश दिये कि न्याय पंचायत स्तर से लेकर विकासखण्ड, जनपद और राज्य स्तर तक की प्रतियोगिता के बेहतर समन्वय हेतु ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, विधायक, सांसद, प्रभारी मंत्री सभी जन प्रतिनिधियों का व्यापक सहयोग लेते हुए आयोजन को व्यवस्थित तरीके से सम्पादित करायें।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

### भूमि अधिग्रहण पर जमीन का निरीक्षण करते विधायक व अधिकारी

**(संवाददाता)** देहरादून। मिठ्ठी बेहड़ी में निवास करने वाले लगभग 75 परिवारों को इसी स्थान पर जमीन आवंटित करने तथा शासन द्वारा सेना को कोल्हूपानी में दी गयी 5 एकड़ भूमि को अधिग्रहण करने की चर्चा को आगे बढ़ाते हुए वीरवार को मसूरी विधायक गणेश जोशी ने भारतीय सैन्य अकादमी के ब्रिगेडियर (प्रशासन) एसके नारायण एवं अपर जिलाधिकारी वीर सिंह बुंदियाल संग मौके का निरीक्षण किया। विधायक जोशी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को अतिशीघ्र हरसम्भव कार्य करने को कहा। उन्होंने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को कहा कि विद्युत पोलों एवं तारों को स्थानान्तरण किये जाने के सम्बन्ध में रिपोर्ट तैयार की जाए। विधायक जोशी ने अपर जिलाधिकारी को कहा कि यदि कोल्हूपानी के स्थान पर चकराता, सैलाकुई अथवा रायवाला में भी भूमि उपलब्ध हो तो, इन स्थानों पर भी जमीन की उपलब्धता देख ली जाए।

### धूमधाम से मनाया गया चिल्ड्रंस डे

**(संवाददाता)** देहरादून। साईं इंस्टीट्यूट में चिल्ड्रन डे धूमधाम से मनाया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।